तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026



अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय जनता को समर्पित





## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को शादी का झांसा देकर शोषण करने वाले फरार आरोपी दीपक कुमार पासवान को ओडिशा के सुंदरगढ़ से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले के अनुसारए 15 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट 10 अक्टूबर 2025 को दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 12 अक्टूबर को बालिका को उर्दना कृष्णापुर से बरामद किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी दीपक कुमार पासवान ने दोस्त के जरिए पहचान बढ़ाकर बालिका को तमनार बुलाया और किराये के मकान में दो दिन तक जबरन शारीरिक शोषण कियाए फिर उसे छोड़कर फरार हो गया।

# एक क्लिक में जनदरबार: डिजि मित्र से बदलेगा पंचायत का स्वरूप, घर बैठे अफसरों से होगी बात

**डिजिटल जनदर्शन से होगा सीधा संवाद, ग्रामवासियों को अब नही लगाने पडेंगे चक्कर**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यह पहली बार है जब जिला पंचायत में डिजि मित्र के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से ग्रामवासी सीधे प्रशासन से संवाद करने के साथ अपना सुझाव और शिकायत बयां कर सकेंगे। डिजि मित्र के माध्यम से हर मंगलवार को जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत के अधिकारी ग्रामवासियों के सुझाव व समस्याओं को सुनेंगे। इस प्रक्रिया के तहत एक सप्ताह के भीतर संबंधित ग्रामीण की समस्याओं का समाधान करना होगा।

वर्तमान मे सभी ग्राम पंचायतों को इंटरनेट से जोड़ा गया है, आनलाइन माध्यम से कई तरह की योजनाओं का लाभ लेने का प्रयास शासन कर रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी इंटरनेट यूजर की संख्या भी समय के साथ काफी बढ़ गई है। इसका फायदा अब ग्रामवासियों को सीधे तौर पर मिलेगा।

जिला पंचायत में डिजि मित्र के माध्यम से जिला पंचायत, जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत को एक प्लेटफार्म से जोड़ा जाएगा। ताकि लोगों की समस्याएं जहां से संबंधित हो वहां के अधिकारी सीधे तौर पर उस समस्या का समाधान कर सकें। कुल मिलाकर डिजि मित्र के माध्यम से प्रशासन और जनता के बीच एक मित्र की तरह काम करेगा। इसके जरिए समयबद्ध समाधान और बेहतर विकास कार्यों को सुनिश्चित करने की योजना है। इसका मुख्य उद्देश्य जनता की सहभागिता को मजबूत बनाना है।



**सप्ताह भर के भीतर करना होगा शिकवा शिकायतों का निराकरण। दे सकते हैं सुझाव भी**

> ग्रामवासियों के साथ सीधे संवाद स्थापित करने और उनकी आवश्यकता के अनुसार ग्राम के विकास कार्यो को पूरा किया जा सके। उनकी समस्याओं का समाधान करने तथा सुझाव प्राप्त करने के लिए डिजि मित्र की शुरूआत की जा रही है।
>
> **अभिजीत पठारे**
> सीईओ, जिला पंचायत, रायगढ़

### मिलेगा समाधान

जिला पंचायत द्वारा विकसित किए गए डिजि मित्र से यूट्यूब, फेसबुक इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया के माध्यम से भी ग्रामवासी जुड़ सकते है। ग्रामीण अपने मोबाइल घर बैठे ही शिकायत व सुझाव की प्रति इन सोशल मीडिया के माध्यम से डिजि मित्र प्लेट फार्म पर जाकर टैग भी कर सकते हैं, जिससे उनकी गोपनीयता भी बनी रहेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्र की आवश्यकताओ को अधिकारी करीब से जान सकेंगे, जिसके आधार पर वे गांव के विकास कार्यों को समय पर सटीकता के साथ पूरा कर सकेंगे।

### अंबेक्डर जंयती पर होगा लॉच

इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत पठारे ने बताया कि डिजि मित्र को अंबेडकर जंयती को लॉच किया जाएगा। शुरूआत में कुछ दिनों तक इसका ट्रायल किया जाएगा। जिसके बाद इसे विधिवत रूप से लागू किया जाएगा। इसकी शुरूआत होने से ग्रामवासियों को शहर तक आकर शिकायत करने की जरूरत नहीं होगी और वे अपने घर से अपनी बात रख सकेंगे।

### कहीं पाइप लाइन अधूरी तो कहीं स्त्रोत नहीं, पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीण

# कौड़ी काम का नहीं जल जीवन मिशन आधे से अधिक गांवों में काम अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एक ओर जहां गर्मी बढने के साथ भू जल स्तर तेजी से नीचे जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन के तहत किए जाने वाले आधे से अधिक कार्य अब भी अधर में लटके हुए हैं। जिसकी वजह से कई गांव में अब भी घरों तक जलापूर्ति नहीं हो सकी है। ऐसे में लोगों को पेयजल की व्यवस्था के लिए काफी मशक्कत करनी पड रही है। आंकडों पर नजर डाले तो जिले में जल जीवन मिशन के तहत 1 हजार 348 कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन अब तक सिर्फ 640 कार्य ही पूरे किए जा सके हैं। जबकि 708 कार्य आधे अधूरे हैं।

**खास बात**

- सबसे अधिक लैलूंगा और धरमजयगढ में काम अटके

गौरतलब है कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति के लिए जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी बनाने सहित जलापूर्ति के लिए पाइप लाइन विस्तार करने का अत्यंत धीमी गति से चल रहा है। साल भर बीते के बाद भी आधे से अधिक काम शेष है। गर्मी बढने के साथ भूजल स्तर नीचे चला गया है, जिसकी वजह से लोगों को स्वच्छ पेयजल के लिए काफी मशक्कत करनी पड रही हैं। स्थिति यह है कि जिले में खरसिया, तमनार, घरघोडा, पुसौर व लैलूंगा विकासखंड में भूजल स्तर काफी नीचे च गया है। इन विकासखंड के अंदरूनी गांवों में पेयजल संकट अब गहराने लगा है। मुख्य बात यह है कि कई गांव में पानी की टंकियां तो बन गई हैं, लेकिन इसमें से जलापूर्ति पूरी तरह से नहीं की जा सकी है। कई जगह को कई बार मांग करने के बाद भी जलापूर्ति शुरू नहीं की जा सकी है। आंकडों के अनुसार रायगढ, पुसौर, तमनार लैलूंगा और धरमजयगढ विकासखंड में सर्वाधिक काम अधूरे हैं, जिसके कारण इस क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से जूझना पड़ रहा है।

**1348 कार्यो में 708 अब भी अपूर्ण**



| विकासखंड की संख्या | स्वीकृत कार्यों की संख्या | पूर्ण कार्य की संख्या | अपूर्ण कार्य की संख्या |
|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 |
| रायगढ़ | 154 | 115 | 39 |
| पुसौर | 171 | 91 | 80 |
| खरसिया | 156 | 100 | 56 |
| घरघोड़ा | 153 | 94 | 59 |
| तमनार | 135 | 50 | 85 |
| लैलूंगा | 280 | 71 | 209 |
| धर्मजयगढ़ | 299 | 119 | 180 |
| योग | 1348 | 640 | 708 |

### अक्टूबर के बाद से नहीं मिला फंड

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2025 अक्टूबर में केंद्र सरकार की ओर से जल जीवन मिशन के तहत होने वाले कार्यों के लिए फंड दिया गया था। जिसके बाद से अब तक दोबारा फंड जारी नहीं किया गया है। यह भी इस योजना के तहत होने वाले कार्यों के अधूरे होने का मुख्य कारण है। सूत्र बताते हैं कि जिले में करीब डेढ़ सौ ठेकेदार इस योजना के तहत काम करते हैं और इनमें से कईयों का भुगतान अटका हुआ है।

### बजट का अभाव

> केंद्र सरकार से अंतिम बार अक्टूबर माह में आवंटन प्राप्त हुआ था, जिसके बाद से अब तक राशि उपलब्ध नहीं हो सकी है। इस वजह से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पत्राचार किए हैं।
>
> **प्रतिभा पैंकरा**
> कार्यपालन अभियंता पीएचई

# सड़क हादसे में असिस्टेंट मैनेजर समेत दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में दो अलग-अलग सड़क हादसे में असिस्टेंट मैनेजर समेत दो लोगो की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पहली घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है जहां अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बरौद कॉलरी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर पदस्थ मुकेश कुमार पटेल 50 साल की मौत हो गई। बताया जाता है कि बरौद कॉलरी में असिस्टेंट मैनेजर के पद पर कार्यरत मुकेश पटेल और डिप्टी मैनेजर दिनेश कुमार कश्यप मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एएम 8047 में सवार होकर बरौद कॉलरी घरघोड़ा के लिए निकले थे। इसी बीच पूंजीपथरा के पास पीछे की तरफ से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में मुकेश कुमार पटेल की घटना स्थल पर ही मौत हो गई वहीं दिनेश कुमार कश्यप दूर छिटक कर घायल हो गया। घायल दिनेश कुमार कश्यप को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना तमनार थाना क्षेत्र की है, जहां ट्रेलर चालक ओमप्रकाश मेहता उम्र 22 निवासी झारखण्ड तमनार क्षेत्र में स्थित डोंगामौहा जेपीएल कंपनी के पास ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एल 0379 की चपेट में आ गया। उसे गंभीर हालत में तमनार अस्पताल ले जाया गया, जहां मौके पर मौजूद डाक्टर ने प्रारंभिक जांच के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया।




# कोटपा एक्ट,चौक-चौराहों,पान ठेलों व होटलों में पुलिस की सख्ती

**रायगढ़।** जिले में सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं नशामुक्त वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा कोटपा एक्ट के तहत लगातार प्रभावी एवं सख्त कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों द्वारा विशेष रूप से शहर एवं कस्बों के मुख्य चौक.चौराहों में स्थित पान ठेलों, चाय दुकानों एवं फुटपाथी ठेलों होटलए ढाबा एवं आसपास के सार्वजनिक स्थलोंपर सघन जांच एवं निगरानी की गई। थाना खरसिया मदनपुर क्षेत्र में कुल 20 प्रकरण दर्ज सिटी चौकी क्षेत्र में 10 प्रकरण दर्ज इन मामलों में दुकानदारों द्वारा खुलेआम सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, गुटखा की बिक्री, सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान, तथा कोटपा एक्ट के नियमों का उल्लंघन करते पाए जाने पर विधिसम्मत कार्रवाई की गई, कुल 30 प्रकरणों में चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया तथा संबंधितों को सख्त हिदायत दी गई। पुलिस टीमों ने मौके पर ही कई स्थानों पर लोगों को समझाइश देते हुए तंबाकू सेवन के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक भी किया। दरअसल सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पूर्णतः प्रतिबंधित है स्कूल, कॉलेज एवं भीड़.भाड़ वाले इलाकों के आसपास तंबाकू बिक्री अवैध है और नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद बेचना दंडनीय अपराध है।



### अभा अघरिया समाज तमनार की हुई बैठक

**तमनार।** अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र तमनार की बैठक 11 अप्रैल को ग्राम जांजगीर परिक्षेत्र आमगांव में हुई। इस मौके पर दुलेन्द्र पटेल ने विषयों की जानकारी एवं दिनेश चौधरी ने सामाजिक कार्यशाला आयोजन के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने ग्राम लालपुर में आयोजित बालसभा में लिए गए निर्णयानुसार सामाजिक नियमावली के परिपालन के सम्बन्ध में एक कार्यशाला का आयोजन के बारे में बताया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा परिचर्चा व कार्यशाला करने का निर्णय लिया गया।

**चौथी लाइन कार्य के चलते 18 अप्रैल तक प्रभावित रहेंगी ट्रेने**

# 10 गाड़ियां रद्द, रेल यात्रियों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हावड़ा.मुंबई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा सेक्शन में चौथीलाइन निर्माण का कार्य किया जा रहा है।

इस कड़ी में बिलासपुर. चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी हेतु प्रीनॉन नॉनइंटरलॉकिंग कार्य 11 अप्रैल से शुरु हुआ है। जिसके कारण 10 गाड़ियां रदद की गई है। इसके अलावा कई ट्रेनें प्रभावित भी हो रही हैं। जिससे यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। रेलवे के अनुसार 18 अप्रैल तक बिलासपुर व रायगढ़ से चलने वाली 68738/68737 बिलासपुर-रायगढ़.बिलासपुर मेमू रद्द रहेगी। 12 अप्रैल से 19 अप्रैल 2026 तक रायगढ़ से चलने वाली 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। इसी तरह 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर, 68746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर, 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक गेवरा रोड से चलने वाली 68745 गेवरा रोड.रायपुर मेमू पैसेंजर, 58204 रायपुर-कोरबा पैसेंजर, 12 अप्रैल से 19 अप्रैल तक कोरबा से चलने वाली 58203 कोरबा-रायपुर पैसेंजर, गेवरा रोड से चलने वाली 68734/68733 बिलासपुर-गेवरा रोड.बिलासपुर मेमू पैसेंजर, बिलासपुर व कोरबा से चलने वाली बिलासपुर. कोरबा. बिलासपुर मेमू पैसेंजर, 58210 बिलासपुर-गेवरा रोड पैसेंजर रद्द रहेगी। गाड़ियों के रद्द होने से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। शनिवार 11 अप्रैल को ही रायगढ़ सहित जिले के खरसिया राबर्टसन, भूपदेवपुर, किरोड़ीमल नगर, जामगांव, हिमगिर, कोतरलिया, बृजराजनगर, दगारो में यात्री सुबह से शाम तक परेशान होते रहें। थोक में गाड़ियों के रद्द होने से अन्य गाड़ियों में भारी भीड़ रही।



### गंतव्य से पहले समाप्त प्रारम्भ होंगी 2 गाड़ियां

18 अप्रैल तक गोंदिया से चलने वाली 68861 गोंदिया-झारसुगुड़ा पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन में समाप्त होगी तथा बिलासपुर-झारसुगुड़ा के मध्य रद्द रहेगी। 18 अप्रैल 2026 तक झारसुगुड़ा से चलने वाली 68862 झारसुगुड़ा. गोंदिया पैसेंजर बिलासपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा झारसुगुड़ा. बिलासपुर के मध्य रद्द रहेगी।




Vijayश्री
HERITAGE
Shanichari Road
LUXURIOUS 3 BHK & 4 BHK RESIDENCES
AADHARSHILAS BUILDERS PVT. LTD.
RERA CHHATTISGARH
PCGRERA230126002033
सिर्फ एक पता नहीं
सुकून
का एक नया
आशियाना
SAY yes
TO YOUR
LUXURIOUS HOME
SPECIAL BOOKING OFFER
UP TO 30TH APRIL 2026
Site Address: Science College, Shanichari Road, Along Vijayapuram Colony, Bilaspur, Chhattisgarh.
SOLAR FOR COMMON AREA
MINI THEATER
COMMON HALL ON TERRACE
GYM
Science College 300 Meter
SECL Head Office 700 Meter
Khel Parisar 700 Meter
Apollo Hospital 1.5 Km
Railway Station 6.5 Km
Gol Bazar & Sadar Bazar (Market) 1.5 Km
Member of CREDAI Confederation of Real Estate Developers' Association of India
+91 9300321527 | +91 9329730177 | +91 9826533344
Head Office Address: In front of Chhattisgarh Bhavan, Nehru Chowk, Bilaspur (C.G.)
E-mail-: abplbsp94@gmail.com | Website :- www.aadharshilabuilders.com
Scan for Floor Plan
Scan for Brochure

## खबर संक्षेप




### घर-घर पहुंचकर बता रहे सरकार की योजना

**कोसीर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पार्टी के 47 वे स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर गावं-गावं घर घर जाकर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में सक्ती जिले के ठठरी गांव में भी गांव गांव घर घर चलो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती सरिता जायसवाल के नेतृत्व में सक्ती जिला के गांव गांव और आस पास में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता झंडे लेकर सरकार की योजनाओं घर तक पहुंचा रहे है।

### बरमकेला में खुली दो बैंकों की शाखाएं

**कटेली।** क्षेत्रवासियों की मांग को देखते हुए बरमकेला में एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक की शाखाएं प्रारंभ की गई है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिल रही है। बरमकेला के लेंधरा रोड पर एचडीएफसी बैंक तथा मुख्य मार्ग पर शिव मंदिर के सामने एक्सिस बैंक की शाखा का शुभारंभ किया गया। इन बैंको के खुलने से अब लोगों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूर दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

### एनडीए की परीक्षा में अक्षत को 30 वां रैंक

**रायगढ़।** एनडीए की परीक्षा में होनहार छात्र अक्षत मिश्रा ने सफलता हासिल की है उन्हें ऑल इंडिया में 30 वां रैंक मिला है। सैनिक अंबिकापुर के छात्र रहे अक्षत घरघोड़ा निवासी प्रेम किशोर मिश्रा के सुपुत्र है। उनकी इस उपलब्धि पर रायगढ़ विधायक एवं प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं जिला भाजपाध्यक्ष अरूणधर दीवान ने प्रसन्नता जाहिर की है। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करके अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### सीएचसी बलौदा में एमटीपी की मिलेगी सुविधा

**बलौदा।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार हुआ है। जिसके तहत सीएचसी बलौदा में एमटीपी की सुविधाएं मिलने लगी है। जिसके इंचार्ज डॉ. पी. एस. बैस हैं। साथ ही साथ विगत दिनों निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बलौदा में ओटी रूम तैयार कर ऑपरेशन कराने हेतु निर्देश दिया गया है, जिसकी तैयारी की जा रही है। डॉ. पी. एस. बैस एनेस्थेटिस्ट हैं, जो अपनी सेवाएं आवश्यकतानुसार सीएचसी अकलतरा जिला चिकित्सालय जांजगीर, सीएचसी बम्हनीडीह में देते आ रहे है। बलौदा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सिजेरियन ऑपरेशन की व्यवस्था हो सकती है, जिसका लाभ जनता को केंद्र सरकार की महती योजना आयुष्मान भारत के तहत निशुल्क मिलेगा।

**न्यायालय तहसीलदार खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**समाचार पत्र में प्रकाशन**
**सूचना पत्र**
रा.प्र.क्र. जन्म/मृत्यु/स-132/2025-26
ग्राम तेलीकोट, तहसील खरसिया
महेश कुमार सिदार पिता/पति प्रताप सिंह निवासी तेलीकोट तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.)..... आवेदक
बनाम
छ.ग. शासन..... अनावेदक

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। आवेदक/आवेदिका महेश कुमार सिदार पिता/पति प्रताप सिंह ग्राम तेलीकोट तहसील खरसिया जिला रायगढ (छ.ग.) द्वारा अपने पिता प्रताप सिंह पिता कमल सिंह का मृत्यु दिनांक 03.03.2014 स्थान तेलीकोट में पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 16/04/2026 को नियत है।

प्रकरण में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी/ सुनवाई दिनॉक को उपस्थित होकर अपना आपत्ति / जवाब प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी को उपस्थित न होने की स्थिति में नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनॉक 30/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
**तहसीलदार, खरसिया**

## सुशासन और पारदर्शिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः चौधरी

# अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय जनता को समर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





लोकार्पण पश्चात स्मार्ट पंजीयन कार्यलय का अवलोकन करते मंत्री ओपी चौधरी व अतिथिगण।

स्मार्ट पंजीयन कार्यालय शासन की तकनीक सक्षम एवं जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था का उत्कृष्ट उदाहरण है। इससे न केवल पंजीयन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा, बल्कि नागरिकों का विश्वास एवं संतुष्टि भी बढ़ेगी। रायगढ़ जिले के नागरिकों को अब पंजीयन कार्यों के लिए अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध होगा।

ये बाते प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ में अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय के लोकार्पण अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से कही। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य शासन के सुशासन नीति के तहत पारदर्शिता के साथ नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला कलेक्टोरेट परिसर में अत्याधुनिक स्मार्ट पंजीयन कार्यालय का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने जिले के नागरिकों को बधाई दी। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने स्मार्ट पंजीयन कार्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं एवं तकनीक आधारित कार्यप्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया को देखा, जिसमें ई केवाईसी, आधार अपडेटेशन तथा ऑटो म्यूटेशन के बाद बी.1 एवं पी.2 की प्रति वितरण की प्रक्रिया शामिल रही। उन्होंने इस पहल को नागरिकों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं समयबद्ध सेवा प्रदान करने वाला बताया। जिला पंजीयक दीपक मंडावी ने बताया कि नवीन स्मार्ट पंजीयन कार्यालय वाई फाई, स्वच्छ शौचालय, पेयजल, पारदर्शी अपॉइंटमेंट व्यवस्था, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम तथा डिजिटल डिस्प्ले बोर्ड जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां नागरिकों के लिए आरामदायक प्रतीक्षा कक्ष, सुव्यवस्थित काउंटर, बेहतर रिकॉर्ड प्रबंधन तथा तकनीकी सहायता युक्त कार्यप्रणाली विकसित की गई है। कार्यालय परिसर में रजिस्ट्री प्रक्रिया से जुड़े जनहितैषी सुधारों का भी विस्तृत प्रदर्शन किया गया है। इनमें घर बैठे रजिस्ट्री एवं आधार सत्यापन सुविधा, भारमुक्त प्रमाण पत्र ऑनलाईन, एकीकृत कैशलेस भुगतान, बायोमेट्रिक प्रणाली, रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण तथा समयबद्ध सेवा वितरण जैसी व्यवस्थाएं शामिल हैं। इससे नागरिकों को पंजीयन सेवाओं की पारदर्शी एवं डिजिटल प्रणाली की स्पष्ट जानकारी मिल रही है। इस कार्यालय की स्थापना का मुख्य उद्देश्य पंजीयन प्रक्रिया को सरल, तेज, पारदर्शी एवं नागरिक अनुकूल बनाना है, इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू, खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, गुरूपाल भल्ला, सुभाष पाण्डेय, विजय अग्रवाल, श्रीकांत सोमावार, रत्थू गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे सहित संबंधित अधिकारी और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जिले में 6 उप पंजीयक कार्यालयों को मिलेगा नवीन भवन

रायगढ़ जिले के विकास को नई गति देते हुए खरसिया, पुसौर, सरिया, सारंगढ़, धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में 6 नवीन उप पंजीयक कार्यालय भवनों का निर्माण शीघ्र शुरू होगा। प्रत्येक भवन की लागत 57 लाख रुपए निर्धारित की गई है, जिससे कुल परियोजना लागत 3.42 करोड़ रुपए है। यह पहल नागरिकों को उनके नजदीक ही सुलभ, पारदर्शी एवं आधुनिक पंजीयन सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस जनहितकारी परियोजना के पीछे प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी का विशेष योगदान रहा है। उनके सतत प्रयास, दूरदर्शी नेतृत्व एवं विकास के प्रति समर्पण के कारण ही यह बहुप्रतीक्षित योजना अब शीघ्र धरातल पर उतरने जा रही है। निर्मित होने वाले सभी उप पंजीयक कार्यालय आधुनिक मानकों के अनुरूप विकसित किए जाएंगे। इनमें डिजिटल रजिस्ट्रेशन प्रणाली, सुव्यवस्थित प्रतीक्षा कक्ष, अभिलेखों के सुरक्षित रख रखाव की व्यवस्था, ऑनलाइन सेवाएं तथा दिव्यांगजन के लिए रैम्प जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। निर्माण एजेंसी के कार्यपालन अभियंता के अनुसार सारंगढ़, खरसिया, धरमजयगढ़ एवं घरघोड़ा में निविदा प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यादेश जारी कर दिया गया है। वहीं सरिया एवं पुसौर में निविदा खुलने के बाद दर स्वीकृति हेतु प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा गया है। सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। नए कार्यालयों के शुरू होने से आम नागरिकों को पंजीयन कार्यों के लिए दूर दराज नहीं जाना पड़ेगा। स्थानीय स्तर पर ही सुविधाएं उपलब्ध होने से समय और यात्रा व्यय में कमी आएगी, वहीं डिजिटल प्रणाली के माध्यम से पारदर्शिता और विश्वास भी बढ़ेगा। इन भवनों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। साथ ही आधुनिक प्रशासनिक ढांचे के विस्तार से क्षेत्रीय विकास को भी नया आयाम मिलेगा।

## नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा



नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा और जुर्माने से दंण्डित किया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 2024 में ग्राम पूंजीपथरा में आरोपी सिकंदर भारती प्लांट में काम करता था।

इस दौरान एक दिन दोपहर में नाबालिक बालिका को जबरन अपने साथ लेकर लेबर कॉलोनी में बलात्कार की घटना किया था। जिस पर पीड़ित के परीजनों द्वारा पीड़ित से पूछताछ करने पश्चात तत्काल थाना पूंजीपथरा में अपराध दर्ज कराया गया था, जहां धारा 376, 506 (2) भारतीय दंड संहिता एवं छह लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के तहत अपराध पंजीबध हुआ था। प्रकरण में सभी गवाहों का न्यायालय में कथन कराया गया और दोनों पक्षों के वकीलों के दलीलों को सुनने के पश्चात विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सहाबुद्दीन कुरैशी ने आरोपी को दोषी पाया और उसे धारा 376 भादवि और 6 पॉक्सो के तहत आजीवन कारावास और जुर्माना से दंडित किया गया है। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती अर्चना मिश्रा ने की।

## सहायक प्राध्यापक ने बेंगलूर में प्राप्त किया प्रशिक्षण



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा चयनित होकर के बिलाईगढ़ महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक ने बेंगलूर में एडवांस रिफ्रेशर कोर्स प्रशिक्षण प्राप्त किया है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम देश के चुनिंदा शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, अनुसंधान तकनीकों तथा कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। श्री भारद्वाज ने इस प्रशिक्षण में सक्रिय सहभागिता निभाते हुए सभी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक पूर्ण किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने महाविद्यालय एवं क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें नवीनतम वैज्ञानिक उपकरणों, प्रयोगात्मक विधियों एवं विद्यार्थियों में कौशल विकास को बढ़ाने के प्रभावी तरीकों की जानकारी प्राप्त हुई, जिसका लाभ अब महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी मिलेगा। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान और दक्षता को बढ़ाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री भारद्वाज के अनुभवों से महाविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता और बेहतर होगी।

## सांसद ने चपले गांव में सामुदायिक भवन निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



ग्राम चपले में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन 11 अप्रैल को सासंद राधेश्याम राठिया के मुख्य अतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में छाया विधायक खरसिया महेश साहू, खरसिया नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग, जिला पंचायत सदस्य सतबाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रविंद्र गवेल, मण्डल अध्यक्ष पवन पटेल जिला उपाध्यक्ष खेम साहू, पुरुषोत्तम पटेल, सुलोचना कंवर, सरपंच ग्राम पंचायत चपले विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात सांसद राधेश्याम राठिया ने निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव में सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा। श्री राठिया ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार ग्रामीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और इस तरह की योजनाएं गांवों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी संबंधित विभाग को दिए। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए क्षेत्र के विकास के लिए इस पहल को सराहनीय बताया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



**किरोड़ीमल नगर।** अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अवसर पर आदर्श भारती शिक्षण समिति, किरोड़ीमल नगर के तत्वावधान में तथा क्लैरिटी डायग्नोस्टिक एंड आई केयर के सहयोग से जिंदल आदर्श ग्राम्य भारती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरोड़ीमल नगर में 11 अप्रैल शनिवार को विद्यालय परिसर विद्यार्थ भवन में निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 747 विद्यार्थी तथा 150 शिक्षक शिक्षिकाओं तथा विद्यालय प्रबंधन के सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर चेयरमैन विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि समाज की सेवा ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। सीबीएसई प्राचार्य श्रीमती प्रियंका जैन ने कहा की स्वस्थ्य रहेगा तन तो मस्त रहेगा मन। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए अंतरराष्ट्रीय स्वास्थ्य दिवस सप्ताह के अंतर्गत इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में डॉ. भानुप्रताप पटेल , डॉ. विभा अग्रवाल, डॉ. सलोनी अग्रवाल, डॉ. गौरव अग्रवाल ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## सारंगढ़ में परिवार परामर्श केंद्र का शुभारंभ




**सारंगढ़।** जिला मुख्यालय सारंगढ़ के सिटी कोतवाली परिसर में परिवार परामर्श केन्द्र का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे द्वारा को शनिवार 11 अप्रैल को किया गया। इस मौके पर कलेक्टर कन्नौजे ने कहा कि समाज का महत्वपूर्ण इकाई परिवार है।

परिवार में पति पत्नी, पिता पुत्र जैसे कई रिश्तों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती हैं। पहले जहां परिवार के बुजुर्ग आपसी विवादों को सयुंक्त परिवार में सुलझा लेते थे, वहीं अब ऐसे समस्याओं के समाधान के लिए इस प्रकार के परामर्श केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसमें काउंसलर की संख्या बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे ही सुविधा महिलाओं के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर में भी है। पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे के प्रयासों से पुलिस विभाग को यह महत्वपूर्ण सुविधा प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि अब तक परिवार परामर्श केंद्र के माध्यम से 28 परिवारों को टूटने से बचाया जा चुका है, जो आज सुख, शांति और समृद्धि के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। एडिशनल एसपी निष्ठा पांडे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर एसडीएम वर्षा बंसल, तहसीलदार तोमन ध्रुव, एसडीओपी स्नेहिल साहू, प्रभारी जितेंद्र चंद्रा एवं कोतवाली प्रभारी कामिल हक सहित अन्य उपस्थित थे।

## ओपीजेयू में हुआ इंडस्ट्री अकादमिक कॉन्क्लेव

**उद्योग अकादमिक सहयोग को नई दिशा देने सफलतापूर्वक आयोजन**



**रायगढ़।** ओपी जिंदल विश्वविद्यालय रायगढ़ के इंडस्ट्री अकादमिक सहयोग केंद्र द्वारा 10 अप्रैल को इंडस्ट्री 5.0, जेनरेटिव एआई और ग्रीन ट्रांजिशन भविष्य के लिए प्रतिभा और नवाचार की पुनर्कल्पना विषय पर छठा इंडस्ट्री अकादमिक कॉन्क्लेव 2026 का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विषय विशेषज्ञों ने इंडस्ट्री 5.0, जेनरेटिव एआई और ग्रीन ट्रांजिशन के विभिन्न आयामों पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने उभरती प्रौद्योगिकियों के उद्योगों पर पड़ने वाले प्रभाव, स्वचालन एवं मानव केंद्रित नवाचार के संतुलन तथा सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में तकनीक की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में संगठनों को न केवल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को अपनाना होगा, बल्कि पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सामाजिक सरोकारों को भी अपने विकास मॉडल का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा।

कॉन्क्लेव की शुरुआत डॉ. आरडी पाटीदार, कुलपति, ओपी जिंदल विश्वविद्यालय के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने भविष्य के लिए तैयार प्रतिभा विकसित करने मजबूत इंडस्ट्री अकादमिक साझेदारी के महत्व पर जोर दिया, उन्होंने ओपी जिंदल विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों तथा उद्योग उन्मुख शिक्षा के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला। समारोह में स्कूल ऑफ साइंस, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग तथा स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से प्रारंभ होने वाले कई नवीन कार्यक्रमों का शुभारंभ किया गया। कॉन्क्लेव में विभिन्न उद्योगों से आए सुश्री ध्वनि ओझा, डायरेक्टर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट विकास सिंह, टेक्निकल कंसल्टेंट, लैब्सय सुश्री गुंजन मिश्रा, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट मानव संसाधन, कोरोहेल्थय सुश्री आफरीना जाहुर, मैनेजर मानव संसाधन, नोवेल ज्वेल्सय तरुण मलिक, फाउंडर एवं एडवाइजर, एलेक्सा रेजोल्यूशन एडवाइजर्स स्स्च्य सत्यदेव सिंह, हेड प्रोडक्ट एवं ग्रोथ, क्यूनोमियल टेक्नोलॉजीज प्रा. लि डॉ. तारापदा दाश, ईवीपी कॉर्पोरेट सर्विसेज एवं सस्टेनेबिलिटी, क्रोसाकीय शरण कुमार, सीनियर मैनेजर लिमिटेडय तथा स्टीवन मोसेस, लीड आईएमएल सिक्सडी इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## 14 को मनेगी अंबेडकर जयंती, चल रही तैयारी



**कोसीर।** भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मंगलवार 14 अप्रैल को सारंगढ़ जनपद पंचायत परिसर में बड़े उत्साह के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जपं परिसर में स्थापित बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा स्थल को सजाया जा रहा है। इस संबंध में डॉ आंबेडकर प्रतिमा स्थापना समिति के संस्थापक लैलून कुमार भारद्वाज ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य भदंत भिक्षु धम्प तप जी तपोभूमि राजनांदगांव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक लैलून भारद्वाज करेंगे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सारंगढ़ विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडे, जपं अध्यक्ष श्रीमती ममता राजीव सिंह, पूर्व विधायक श्रीमती केराबाई मनहर, पद्मा मनहर, कुमारी कामदा जोल्हे, डॉ. छबि लाल जागड़े, अरुण मालाकार सहित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा सर्व समाज प्रमुख, सर्वधर्म प्रमुख के साथ ही साथ विभिन्न समाज के प्रमुख विशिष्ट पहचान बनाने वाले अध्यक्षों को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।






# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

FIT INDIA
SCHOOL INNOVATION COUNCIL
SMART CLASSROOM

## ADMISSION OPEN 2026-27

### SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Ram Nagar, Bhilai




### SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, Risali Sector, Bhilai




### SCHOOL FACILITIES

- Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
- Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
- Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
- Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
- State of the art AV room & Music room
- 24x7 Power Supply Via Genset

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO - 2

Affiliated to State Board, Ram Nagar, Bhilai

Class XI to XII | 0788 2295357

### SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to State Board, Vaishali Nagar, Bhilai

KG-1 to VIII | 0788 4033623

## Shakuntala GURUKUL

Hostel

" घर से दूर..
एक घर "

- Seperate Hostel Facility for Boys and Girls.
- AC Hostel Room with attached Bathroom.
- In-Class Coaching Facility for students.
- Hot (Geyser) and Cold Water Facility.
- Dedicated Medical Facility.




883 998 2041

Ram Nagar, Bhilai

Deepak Advertisers